## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 15.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. राष्ट्र आज मना रहा उनासीवां स्वतंत्रता दिवस, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फहराया राष्ट्रध्वज, कहा–आम लोगों के लिए कम होंगे टैक्स, साढ़े तीन करोड़ रोजगार के लिए आज से नई योजना।
2. राज्यपाल संतोष गंगवार ने रांची में किया झंडोतोलन, कहा– राज्य सरकार ने किसानों का ऋण माफ कर उन्हें प्रदान की है आर्थिक राहत।
3. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपने पैतृक गांव नेमरा में किया झंडोत्तोलन, विभिन्न कैबिनेट मंत्रियों ने अपने–अपने जिलों में ध्वजारोहण के बाद राज्य सरकार की गिनाई उपलब्धियां।
4. पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने पेश किये इस साल के आंकड़े, राज्य भर से अब तक 197 नक्सली गिरफ्तार, 17 पुलिस मुठभेड़ में ढ़ेर।
5. पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का कल रामगढ़ के नेमरा में होगा संस्कार भोज, केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के साथ–साथ शामिल होंगे कई राज्यों के मुख्यमंत्री और अन्य बड़े नेता।

*************************

आज देश उनासीवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के प्रतिष्ठित लाल किले की प्राचीर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्र को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता का यह पर्व 140 करोड़ लोगों के संकल्पों का पर्व है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि दिवाली तक टैक्स कम करने वाली जीएसटी सुधार स्कीम आएगी, जो देश वासियों के लिए एक तोहफा होगा।

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत रोजगार योजना की शुरुआत की और कहा कि साढ़े तीन करोड़ रोजगार के लिए आज से यह नई योजना शुरू हो गयी है।

*************************

राज्यपाल संतोष गंगवार ने आज रांची के मोरहाबादी मैदान में झंडोतोलन किया। इस अवसर पर उन्होंने सशत्र बल के संयुक्त परेड का निरीक्षण किया। अपने सम्बोधन ने राज्यपाल ने राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने किसानों का ऋण मांफ कर उन्हें आर्थिक राहत प्रदान की है।

*************************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समस्त झारखण्ड वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। इधर, विधानसभा अध्यक्ष रबिंद्र नाथ महतो ने रांची स्थित विधानसभा में झंडा फहराया और लोगों को सम्बोधित किया।

*************************

राज्य सरकार के विभिन्न कैबिनेट मंत्रियों ने अपने–अपने जिलों में आज राष्ट्रध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। इस क्रम में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने पलामू में ध्वजारोहण किया और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाई। वहीं, नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने गिरिडीह में झंडोतोलन के बाद जनता को सम्बोधित करते हुए मईयाँ सम्मान योजना की चर्चा की।

इधर, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लोहरदगा, अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने गुमला, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने पाकुड़ और जामताड़ा जिले में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मिली जुली परेड की सलामी ली।

*************************

उपराजधानी दुमका में आज प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल ने पुलिस लाइन मैदान में राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया। आयुक्त ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण से पहले खुली जिप्सी में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया।

*************************

पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने आज रांची स्थित पुलिस मुख्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने सम्बोधन में बताया कि पुलिस ने इस वर्ष अब तक राज्य भर से 197 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 10 नक्सलियों ने अब तक आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं, पुलिस मुठभेड़ में अब तक इस साल 17 नक्सली मारे जा चुके हैं।

*************************

रांची स्थित आकाशवाणी केंद्र के उप महानिदेशक सह कार्यालय प्रमुख डीसी हेम्ब्रम ने आज कार्यालय परिसर में झंडोतोलन किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने सभी से अपने–अपने क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने की अपील की।

*************************

आकाशवाणी पर आज शाम सात बजे राज्यपाल संतोष गंगवार राज्य की जनता को सम्बोधित करेंगे। इस वजह से सांध्यकालीन प्रादेशिक समाचार का प्रसारण आज छह बजकर 45 मिनट पर ही होगा।

*************************

पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का कल रामगढ़ के नेमरा में संस्कार भोज का आयोजन होगा। इसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। इसमें केंद्र सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इसके अलावा विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और अन्य नेता भी इस भोज में आएंगे। यहाँ तीन सौ चूल्हे पर 12 प्रकार के व्यंजन बनाये जायेंगे।

*************************

झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, जेएसपीएलएस से जुड़ कर बोकारो जिले की हजारों महिलाएं अपने जीवन स्तर में बदलाव ला रहीं हैं।

*************************